कोटद्वार, सोमवार
23 मार्च 2026
वर्षः 48
अंकः 293 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

**एक नजर**

### धर्मनगरी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, बाजारों में बढ़ी रौनक

हरिद्वार।धर्मनगरी में रविवार को श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही हरकी पैड़ी और आसपास के गंगा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु डुबकी लगाते नजर आए। धार्मिक माहौल के बीच पूरे दिन गंगाघाट पर रौनक बनी रही। बड़ा बाजार, अपर रोड और मोती बाजार में भी श्रद्धालुओं की चहल-पहल नजर आई। लोग पूजा सामग्री की खरीदारी करते दिखे। बाजारों में बढ़ी भीड़ से व्यापारियों, दुकानदारों और होटल व्यवसायियों के चेहरे खिल उठे। व्यापारी संजय ने बताया कि रविवार को अच्छी बिक्री हुई। होटल व्यवसायी अमित शर्मा के अनुसार, वीकेंड पर होटलों के अधिकतर कमरे बुक रहे। हरकी पैड़ी के पास प्रसाद विक्रेता प्रकाश ने बताया कि रविवार की भीड़ को देखकर लग रहा है कि इस बार गर्मी के सीजन में अच्छी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचेंगे। मोती बाजार के भुवनेश पांडेय ने भी बताया कि दिनभर दुकानदारी अच्छी रही। दूसरी ओर, हरकी पैड़ी के पास स्थित पंडित दीनदयाल पार्किंग चौपहिया वाहनों से खचाखच भरी रही। सर्विस लेन पर वाहनों की लंबी कतारें दिखीं, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ।

### रविवार सुबह कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया शहर

रुड़की। रविवार सुबह क्षेत्र घने कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया। दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को लाइट जलाकर आवाजाही करनी पड़ी। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। पिछले कई दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। तेज हवा और बारिश के चलते ठंड बढ़ गई है। रविवार सुबह लक्सर और रुड़की क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। दृश्यता कम रही। स्थानीय निवासी मोहित कुमार और तसलीम ने बताया कि जब वे सुबह घर से निकले तो सड़क पर घना कोहरा था, जिससे उन्हें वाहनों की लाइट जलाकर आवाजाही करनी पड़ी। राजीव कुमार और अनुज कुमार ने कहा कि इस तरह का मौसम स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है। मार्च में जनवरी जैसा मौसम महसूस हो रहा है। कस्बे के अरविंद कुमार और अमन कुमार ने बताया कि बारिश के बाद ठंड बढ़ गई है। सुबह की सैर के लिए निकले दीपेंद्र चौहान और मनीष भार्गव ने बताया कि रविवार को उन्हें घर से निकलते समय बदले मौमस की उम्मीद नहीं थी। सड़क पर आकर देखा तो चारों ओर कोहरा छाया रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. सैयद रफी अहमद ने बताया कि मौसम में यह बदलाव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

### सौतेले पिता पर दुष्कर्म करने का आरोप

रुद्रपुर। पीलीभीत (यूपी) निवासी एक महिला ने अपने सौतेले पिता पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। महिला का आरोप है कि सौतेले पिता ने उसे ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण किया और अब भी उसे धमकाकर परेशान कर रहा है। पीड़िता के अनुसार, वर्ष 2017 में उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उसकी मां ने नानकमत्ता क्षेत्र के एक व्यक्ति से दूसरी शादी कर ली। उस समय वह और उसके भाई-बहन नाबालिग थे। मां की दूसरी शादी के बाद सभी शक्तिफार्म क्षेत्र के एक गांव में रहने लगे। वर्ष 2018 में उसकी बहन की शादी हो गई और 2019 में उसकी मां का भी निधन हो गया। इसके बाद उसका भाई पढ़ाई के लिए बाहर चला गया और वह घर में सौतेले पिता के साथ अकेली रह गई। आरोप है कि इसी दौरान एक दिन जब वह बाथरूम में नहा रही थी, तब सौतेले पिता ने चोरी-छिपे उसके फोटो और वीडियो बना लिए। बाद में उसने इन तस्वीरों और वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने डर का फायदा उठाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वर्ष 2021 में उसने पीलीभीत के एक युवक से प्रेम विवाह कर लिया, लेकिन बदनामी के डर से उसने यह बात किसी को नहीं बताई। इसी बीच 11 जनवरी 2026 को उसके पति की मृत्यु हो गई। इसके बाद उसका सौतेला पिता उसके ससुराल पहुंच गया और 21 जनवरी को उसके बच्चे के सामने फिर से अश्लील हरकतें कीं।

## सीएम धामी ने किया मंत्रिमंडल विस्तार के बाद विभागों का बहुप्रतीक्षित बंटवारा



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंत्रिमंडल विस्तार के बाद विभागों का बहुप्रतीक्षित बंटवारा कर दिया है। इस बंटवारे में उन्होंने एक ओर जहां गृह, कार्मिक, सामान्य प्रशासन, नियुक्ति एवं प्रशिक्षण और सूचना एवं जनसंपर्क जैसे बेहद अहम विभाग अपने पास रखे हैं, वहीं दूसरी ओर अन्य मंत्रियों को जिम्मेदारियां सौंपकर प्रशासनिक संतुलन साधने की कोशिश की है। दरअसल, अब तक मुख्यमंत्री 35 से अधिक विभागों का कार्यभार संभाल रहे थे। लंबे समय से रिक्त पड़े मंत्रिमंडल के पदों को भरने के बाद यह विभागीय पुनर्गठन किया गया है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री ने रणनीतिक तौर पर उन विभागों को अपने पास रखा है, जो शासन की धुरी माने जाते हैं और जिनके जरिए सरकार की नीतियों, प्रशासनिक फैसलों और कानून-व्यवस्था पर सीधा नियंत्रण रहता है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग को सुबोध उनियाल को सौंपा गया है, जो राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। वहीं, ग्राम्य विकास विभाग भरत सिंह चौधरी को दिया गया है, जबकि गणेश जोशी से यह जिम्मेदारी वापस ले ली गई है। शहरी विकास विभाग राम सिंह कैड़ा को सौंपा गया है, जो तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मानी जा रही है। इसके अलावा मदन कौशिक को पंचायती राज, आयुष शिक्षा और आपदा प्रबंधन जैसे विभाग दिए गए हैं, जो ग्रामीण ढांचे और आपदा संवेदनशील राज्य उत्तराखंड के लिए बेहद अहम हैं। नए मंत्रियों में खजान दास को समाज कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि प्रदीप बत्रा को परिवहन जैसा महत्वपूर्ण विभाग सौंपा गया है। गौरतलब है कि हाल ही में पांच नए मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। इनमें खजान दास, मदन कौशिक, भरत सिंह चौधरी, प्रदीप बत्रा और राम सिंह कैड़ा शामिल हैं। मंत्रिमंडल में ये पद लंबे समय से खाली थे-कुछ पद पहले से रिक्त थे, जबकि कुछ पूर्व मंत्रियों के निधन और इस्तीफे के कारण खाली हुए थे। इस पूरे बंटवारे को राजनीतिक और प्रशासनिक संतुलन के रूप में देखा जा रहा है। एक तरफ मुख्यमंत्री ने सत्ता की केंद्रीय कमान अपने हाथ में बनाए रखी है, तो दूसरी ओर नए और पुराने चेहरों के बीच जिम्मेदारियों का वितरण कर सरकार के कामकाज को गति देने का प्रयास किया है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह नया संतुलन सरकार के प्रदर्शन और जनता तक योजनाओं के क्रियान्वयन पर कितना असर डालता है।

### कतर में हेलीकॉप्टर हादसे में छह लोगों की मौत

कतर , पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कतर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। कतर के क्षेत्रीय जल में रविवार तड़के हेलीकॉप्टर दुर्घटना हुई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। इस बात की पुष्टि कतर के आंतरिक मंत्रालय की। मंत्रालय ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति अभी भी लापता है और उसकी तलाश जारी है। दुर्घटना के बाद बचाव और खोज अभियान तेज कर दिया गया है। आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि बचाव और खोज अभियान जारी है और अधिकारी अभी एक लापता व्यक्ति को ढूंढने में जुटे हैं। हादसे के बाद तटीय सुरक्षा और रेस्क्यू टीमों ने तेजी से काम शुरू किया, लेकिन समुद्री हालात बचाव कार्य को चुनौती दे रहे हैं। अधिकारी हर संभव संसाधन लगा कर इस मिशन को सफल बनाने की कोशिश में हैं। बता दें कि इस हादसे की जानकारी पहले कतर के रक्षा मंत्रालय ने दी थी। कतर सरकार की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि इस हादसे के बाद लापता व्यक्ति की खोज और हालात का आकलन करने के लिए कई यूनिट्स को लगाया गया है। रेस्क्यू जहाज, निगरानी उपकरण और प्रशिक्षित कर्मी खोज क्षेत्र में तैनात हैं ताकि बचाव के मौके बढ़ सकें।

## विश्व जल दिवस पर पीएम मोदी का देशवासियों के नाम संदेश

### जल संरक्षण का संकल्प दोहराने की अपील



नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व जल दिवस के अवसर पर देशवासियों से जल संरक्षण का संकल्प दोहराने की अपील करते हुए कहा कि पानी न सिर्फ जीवन का आधार है, बल्कि हमारे ग्रह के भविष्य को भी आकार देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, जल हमें जीवन देता है और हमारे ग्रह के भविष्य को आकार देता है। विश्व जल दिवस के अवसर पर, आइए हम जल की हर बूंद को बचाने और उसका जिम्मेदारी से उपयोग करने के अपने संकल्प को दोहराएं। आज उन लोगों की सराहना करने का भी दिन है, जो सतत उपायों को अपनाते हैं, जागरूकता फैलाते हैं और संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने एक्स पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में जल प्रबंधन, संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिले हैं। आज जल संरक्षण जनभागीदारी से प्रेरित एक सशक्त राष्ट्रीय अभियान का रूप ले चुका है, जहां नीतियों के साथ-साथ समाज की सक्रिय जन भागीदारी इस दिशा में नई ऊर्जा प्रदान कर रही है। उन्होंने आगे लिखा, स्वच्छ पेयजल की बेहतर उपलब्धता ने अनेक क्षेत्रों में महिलाओं के श्रम को कम किया है, जिससे उनके जीवन में गरिमा और सुविधा का विस्तार हुआ है। साथ ही, बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता में भी सकारात्मक सुधार परिलक्षित हो रहा है, जो एक स्वस्थ समाज की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत है। जल स्त्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन और सतत उपयोग की दिशा में देश निरंतर अग्रसर है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने का आधार बन रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे जल के महत्व को समझते हुए उसके संरक्षण को अपने व्यवहार और जीवनशैली का स्वाभाविक हिस्सा बनाएं। विश्व जल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पोस्ट किया, आइए हम जल संरक्षण, सतत विकास को बढ़ावा देने और सभ्यता की इस जीवन-रेखा की रक्षा करने के अपने संकल्प को दोहराएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पोस्ट में कहा, उत्तराखंड में जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और अस्तित्व का आधार है।

## देहरादून में चार साल बेमिसाल का जश्न, परेड ग्राउंड में उमड़ेगी भीड़, रूट डायवर्जन जारी



देहरादून। राज्य सरकार के चार साल बेमिसाल कार्यक्रम के जश्न को लेकर 23 मार्च (सोमवार) को परेड ग्राउंड में भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटने की संभावना को देखते हुए यातायात पुलिस ने शहर का रूट डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। अगर आप आज घर से बाहर निकल रहे हैं, तो जाम की झंझट से बचने के लिए इस ट्रैफिक प्लान को जरूर देख लें। एसपी ट्रैफिक लोकजीत सिंह ने बताया कि परेड ग्राउंड के चारों ओर आउटर और इनर कॉर्डन बनाकर 14 बैरियर लगाए गए हैं। आम लोगों को असुविधा न हो, इसके लिए विक्रम और सिटी बसों के रूट में भी बदलाव किया गया है।

कार्यक्रम में शामिल होने वाले वाहनों के लिए रूट और ड्रॉप प्वाइंटः मसूरी-राजपुर रोड से आने वाले वाहन मसूरी डायवर्जन, ग्रेट वेल्यू, बहल चौक, सर्वे चौक होते हुए कॉनवेंट तिराहा लोगों को छोड़ेंगे। वाहन बन्नु स्कूल में पार्क होंगे। वापसी का पिकअप प्वाइंट आईआरडीटी, सर्वे चौक के पास रहेगा।विकासनगर, चकराता से आने वाले वाहन बल्लूपुर चौक, किशननगर, बिंदाल, घंटाघर, दर्शनलाल चौक होते हुए लैंसडाउन चौक पर लोगों को छोड़ेंगे। वाहन बन्नु स्कूल में पार्क होंगे। वापसी का पिकअप प्वाइंट कनक चौक रहेगा। रुड़की, आईएसबीटी की ओर से आने वाले वाहन कारगी चौक, पुरानी बाईपास चौकी, धर्मपुर होते हुए बुद्धा चौक पर लोगों को छोड़ेंगे। पार्किंग रेसकोर्स में होगी। पिकअप प्वाइंट भी बुद्धा चौक रहेगा।रायपुर की ओर से आने वाले वाहन चूना भट्ठा से आकर आईआरडीटी सर्वे चौक के पास लोगों को छोड़ेंगे। बन्नू स्कूल में पार्क होंगे। होगी। पिकअप प्वाइंट भी छोड़ने का स्थान होगा। डोईवाला की ओर से आने वाहन रिस्पना, धर्मपुर, सीएमआई, बुद्धा चौक होते हुए लैंसडौन चौक के पास लोगों को छोड़कर यहां एक साइड पार्क होंगे। वापसी में भी लैंसडौन चौक से लोगों को बैठाएंगे।सहस्त्रधारा रोड की ओर से आने वाले वाहन सर्वे चौक होते हुए कानवेंट तिराहे पर लोगों को छोड़ेंगे। इसके बाद बन्नू स्कूल में पार्क होंगे। पिकअप प्वाइंट भी कानवेंट तिराहा होगा।

विक्रम-मैजिक डायवर्जन व्यवस्थाः रायपुर रूट-सहस्त्रधारा रोड पर चलने वाले सहस्त्रधारा क्रॉसिंग से वापस होंगे।धर्मपुर रूट के तहसील चौक से दून चौक होते हुए एमकेपी चौक की ओर से भेजे जाएंगे।आईएसबीटी और कांवली रूट के रेलवे गेट से ही वापस भेजे जाएंगे।प्रेमनगर रूट के प्रभात कट से वापस भेजे जाएंगे।राजपुर रूट के ग्लोब चौक से पैसिफिक तिराहा होते हुए बैनी बाजार से वापस राजपुर रोड पर भेजे जाएंगे। सिटी बसों के रूट में बदलावः आईएसबीटी से राजपुर रोड रूट की बसें दर्शनलाल चौक से घंटाघर होते हुए राजपुर की ओर जाएंगी।रिस्पना से आने वाली बसें तहसील चौक से वापस दून चौक, एमकेपी चौक होते हुए आराघर की ओर भेजी जाएंगी।

### पर्यटकों के लिए खोल दिया गया चीला पार्क का मुंडाल मार्ग

हरिद्वार। राजाजी टाइगर रिजर्व की चीला रेंज में जंगल सफारी के लिए बंद किया गया मुंडाल मार्ग अब खोल दिया गया है। रविवार को सफारी करने पहुंचे पर्यटकों को इसी मार्ग से भेजा गया।

बीते शुक्रवार को बारिश के कारण चीला रेंज के बड़े हिस्से में कीचड़ जमा हो गया था। मुंडाल मार्ग पर सफर जोखिमभरा होने के कारण इसे अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

इसके चलते शनिवार को पर्यटकों को सीमित क्षेत्र में ही जंगल सफारी कराई गई। वन विभाग के अनुसार, बारिश के कारण मुंडाल मार्ग वाहनों के चलने योग्य नहीं था, इसलिए पर्यटकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देकर यह निर्णय लिया गया। अब जिला पार्क के वन आरक्षी राहुल सैनी ने बताया कि इस मार्ग को दुरुस्त कर लिया गया है। रविवार सुबह ही मुंडाल मार्ग को पर्यटकों के लिए खोल दिया गया।

## चारधाम यात्रा की एडवांस बुकिंग हुई कम, कारोबारी चिंतित



उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा इस बार शुरू होने से पहले ही सुस्त पड़ती नजर आ रही है। यात्रा सीजन के नजदीक आने के बावजूद उत्तरकाशी जिले के होटल, आश्रम और विश्राम गृहों में उम्मीद के अनुरूप एडवांस बुकिंग नहीं मिली है जिससे पर्यटन और होटल कारोबार से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ गई है। होटल एसोसिएशन से जुड़े व्यवसायियों का कहना है कि अभी तक मात्र 15 से 20 प्रतिशत तक ही एडवांस बुकिंग मिली है जबकि बीते वर्ष इसी समय तक एडवांस बुकिंग का यह आंकड़ा 60 से 70 प्रतिशत तक पहुंच चुका था। एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र मटूड़ा का कहना है कि बार बुकिंग की रफ्तार बेहद धीमी है जो आने वाले सीजन में भारी आर्थिक नुकसान का संकेत दे रही है। कारोबारियों का मानना है कि इस गिरावट के पीछे कई कारण एक साथ काम कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाड़ी देशों में चल रहे संघर्ष और उससे उत्पन्न वैश्विक अस्थिरता का असर आम जनजीवन पर भी पड़ा है। ईंधन संकट गहराने से रसोई गैस और अन्य जरूरी संसाधनों की उपलब्धता प्रभावित हुई है जिससे लोगों का ध्यान फिलहाल घरेलू जरूरतों और खर्चों को संतुलित करने पर अधिक केंद्रित हो गया है। इसका सीधा असर लोगों के बीच तीर्थयात्रा की योजना बनाने पर पड़ा है। वहीं होटल संचालकों को व्यवसायिक गैस सिलिंडर की पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिल पा रही है जिससे यात्रियों के लिए भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। यात्रा कारोबारी प्रकाश भद्री, सुभाष कुमांई का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो सीजन के दौरान सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है।

## लोगों का प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास, स्नेह और समर्थन, हर दिन बढ़ रहा है-अमित शाह



नई दिल्ली ,केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए एक ऐसा मील का पत्थर हासिल किया है, जिसकी नींव सेवा, कड़ी मेहनत और अटूट समर्पण पर टिकी है।

प्लेटफॉर्म पर अपनी पोस्ट्स में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि सेवा, कड़ी मेहनत और अटूट समर्पण पर आधारित एक मील का पत्थर हासिल करते हुए आज, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए, भारत में किसी भी सरकार के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रमुख बनने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 8,931 दिन-पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और अब प्रधानमंत्री के रूप में-'राष्ट्र-प्रथम' शासन, कार्यों में ईमानदारी और प्रत्येक नागरिक की अथक सेवा के प्रति उनके गहरे समर्पण को दर्शाते हैं। यह एक ऐसी दुर्लभ विरासत है, जो अभूतपूर्व विश्वास और बेजोड़ सेवा पर निर्मित है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की दशकों की सेवा ने अपने आप में एक युग का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि चाहे गरीबों को उनके अधिकार दिलाना हो, विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करना हो, या वैश्विक मंचों पर राष्ट्र का गौरव बढ़ाना हो-मोदी युग ने भारत को पूरी तरह से बदल दिया है। श्री शाह ने कहा कि 'नए भारत' को गढ़ने के लिए जीवन भर प्रयास करने की ज़रूरत थी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वह कर दिखाया। उन्होंने कहा कि 24 वर्षों से भी अधिक समय तक बिना अवकाश लिए राष्ट्र और लोगों की सेवा करना, प्रधानमंत्री मोदी जी के अटूट समर्पण का ही एक प्रमाण है।

### पूर्व मंत्री भुल्लर समेत 3 के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

चंडीगढ़ । पुलिस ने पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के एक अधिकारी की आत्महत्या के मामले में पंजाब के पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर के खिलाफ केस दर्ज किया है। अमृतसर में पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने कथित तौर पर शनिवार को कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी।

पुलिस ने भुल्लर के पिता सुखदेव सिंह भुल्लर और उनके निजी सहायक दिलबाग सिंह के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। स्त्रङ्क्र भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 351 (3) (आपराधिक धमकी) और 3 (5) (साझा इरादा) के तहत दर्ज की गई है। शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें रंधावा, जिनके पास पट्टी का अतिरिक्त प्रभार भी था, को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया कि उन्होंने सल्फास खा लिया है और उन्होंने परिवहन मंत्री पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। तुम्हारे दोस्त ने सल्फास खा ली है। मंत्री लालजीत भुल्लर के डर से। अब मैं नहीं बचूंगा, रंधावा कहते हैं।

## होर्मुज संकट के बीच भारत ने अमेरिका से एलपीजी मंगाकर सप्लाई सुरक्षित की



नई दिल्ली ,मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और ईरान, इजरायल तथा अमेरिका के बीच जारी संघर्ष का असर अब वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति पर साफ दिखने लगा है। खास तौर पर होर्मुज की खाड़ी, जो दुनिया के करीब 20त्न तेल और गैस परिवहन का मुख्य मार्ग है, इस समय संकट के केंद्र में है। ईरान की धमकी के बाद कई जहाज इस रास्ते पर रुक गए हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हुआ है।

इस स्थिति का असर भारत पर भी पड़ सकता था, क्योंकि देश की बड़ी मात्रा में गैस आपूर्ति इसी मार्ग से होती है। हालांकि, भारत ने समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था कर ली।

भारत ने अमेरिका से रुक्चत्र आयात बढ़ाने का फैसला लिया, जिसके तहत टेक्सास से रवाना हुआ जहाज रविवार को मंगलुरु बंदरगाह पहुंच गया। इसके अलावा 25 मार्च को करीब 26,687 टन गैस लेकर पहुंचेगा, जो इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम के लिए होगी। वहीं 29 मार्च को एक और जहाज लगभग 30,000 टन गैस लेकर आएगा, जो निर्धारित है। होर्मुज मार्ग पर संकट के बावजूद भारत की इस रणनीति से घरेलू गैस आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। फिलहाल देश में रसोई गैस की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

## दर्दनाक हादसा : ट्रेन और बस के बीच भीषण टक्कर, 12 लोगों की मौत, 20 घायल



ढाका , बांग्लादेश में एक बड़ी दुर्घटना में रविवार सुबह कोमिला में पडुआ बाजार लेवल क्रॉसिंग पर एक मेल ट्रेन और बस की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। टक्कर इतनी भयानक थी कि बस के परखच्चे उड़ गए।कोमिला सदर साउथ पुलिस स्टेशन के तहत ईपीजेड चौकी के सब-इंस्पेक्टर (एसआई) सैफुल इस्लाम ने बताया कि मरने वालों में सात पुरुष, तीन महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। बांग्लादेशी मीडिया द डेली स्टार ने बताया कि घटना रविवार सुबह करीब 2:45 बजे कुमिला सदर दक्षिण उपजिला के पडुआर बाजार लेवल क्रॉसिंग पर हुई। पुलिस और स्थानीय गवाहों के अनुसार, ट्रेन मामून स्पेशल (मामून परिवहन) बस को जंगल्या-कचुआ क्षेत्र में लगभग आधा किलोमीटर उत्तर तक घसीटती हुई ले गई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के वक्त क्रॉसिंग पर कोई गेटमैन मौजूद नहीं था। द डेली स्टार के अनुसार, सब-इंस्पेक्टर सैफुल इस्लाम ने कहा कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अस्पताल के सूत्रों ने बाद में पुष्टि की कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई, जिनमें सात पुरुष, तीन महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। शुरू में, 18 घायल यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से आठ अभी भी भर्ती हैं। सुबह 8:15 बजे तक, ट्रेन एक्सीडेंट वाली जगह पर खड़ी थी और बस उसके आगे फंसी हुई थी। पुलिस, हाईवे पुलिस और फायर सर्विस के लोगों ने घायल यात्रियों को बचाया और उन्हें हॉस्पिटल ले गए।

बांग्लादेशी मीडिया ने पूर्वी जोन के जनरल मैनेजर के हवाले से बताया कि बांग्लादेश रेलवे ने घटना की जांच के लिए दो जांच कमेटियां बनाई हैं, एक डिविजनल और एक रीजनल। इस बीच, पडुआर बाजार क्रॉसिंग के दो गेटमैन, मेहदी हसन और हेलाल उद्दीन को कुछ समय के लिए सस्पेंड कर दिया गया है।

द डेली स्टार के अनुसार, बस चपैनवाबगंज से लक्ष्मीपुर जा रही थी। घटना के बाद से चटगांव और कुमिला रेलवे स्टेशन के बीच रेल कम्युनिकेशन सस्पेंड कर दिया गया है, और अभी तक कोई रेस्क्यू ट्रेन मौके पर नहीं पहुंची है। हालांकि, ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि बस ट्रेन के इंजन में उलझ गई और ट्रेन के रुकने से पहले करीब एक किलोमीटर तक घिसटती चली गई। इसकी वजह से बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### मुंबई में ड्रग्स नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई, महिला तस्कर गिरफ्तार

मुंबई , देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने एक महिला ड्रग्स माफिया को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान 23 वर्षीय नाजिया मंसूरअली सैय्यद के रूप में हुई है, जो बांद्रा समेत कई इलाकों में बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रही थी।

पुलिस के अनुसार, नाजिया न केवल खुद ड्रग्स बेचती थी, बल्कि अपने नेटवर्क में शामिल अन्य तस्करों के जरिए भी शहर के विभिन्न हिस्सों में हेरोइन की सप्लाई करवाती थी। वह खासतौर पर बांद्रा पूर्व और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय थी, जहां से उसका पूरा नेटवर्क संचालित हो रहा था।

**उत्तम नगर में ईद के बाद भी सख्तीः**

## पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर इलाके को घेरा

नई दिल्ली ,ईद के त्योहार बीत जाने के बावजूद पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में सुरक्षा कड़ी बनी हुई है। ऐसे में रविवार को इलाके के लगभग सभी चौराहों पर पुलिसकर्मी और सुरक्षा अधिकारी तैनात दिखे। इलाके में किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर लगातार नजर रखी जा रही है।

यही नहीं, उत्तम नगर थाने के बाहर पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर इलाके को घेरा हुआ है। प्रवेश और निकास द्वार के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं, जहां से आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा, हस्तसाल कॉलोनी के बाजारों का माहौल भी सामान्य दिनों जैसा नहीं है। कई दुकानें आधी खुली हैं और कुछ पूरी तरह बंद हैं।

गलियों और बाजारों में आम दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ दिख रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की सख्ती अभी भी जारी है, जिसके कारण लोग केवल जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह का कहना है कि इलाके में सतर्कता बढ़ाई गई है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## सम्पादकीय

# यह नया भारत है यहां इस्तीफा नहीं होता

जिस तरह के कपड़ों पर से जिद्दी दाग हटाने वाले डिटरजेंट और वॉशिंग मशीन आ गए हैं उसी तरह राजनीति में भ्रष्टाचार के दाग मिटाने वाली एक बेहद कारगर वॉशिंग मशीन आ गई है। वह वॉशिंग मशीन भाजपा की है। भाजपा के अलावा बाकी हर पार्टी के नेता भ्रष्ट हैं और वंशवादी हैं। भाजपा के विधायकों, सांसदों और मंत्रियों, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के अलावा सब भ्रष्ट हैं। चाहे वह न्यायपालिका के शीर्ष पर बैठे लोग हों या विपक्ष की राजनीति के शीर्ष लोग हों या मीडिया के लोग हैं, सब भ्रष्ट हैं हां, ईमानदार और साफ सुथरी सिर्फ भाजपा और उसके नेता हैं। अगर कोई कथित भ्रष्ट व्यक्ति भाजपा में शामिल हो जाता है तो तत्काल उसके दाग धुल जाते हैं और वह स्वच्छ हो जाता है। इसी तरह से अगर भाजपा के किसी नेता, मंत्री या मुख्यमंत्री पर कोई आरोप लगता हो तो आरोप लगाने वाले कितना भी विश्वसनीय क्यों न हो और आरोप कितने भी गंभीर क्यों नहीं हों उनके दाग उस पर नहीं लगते हैं। किसी भी कीमत पर भाजपा के किसी नेता के ऊपर दाग नहीं लग सकता है। इसके लिए भाजपा ने 'हमारे यहां इस्तीफ नहीं होताइ का सिद्धांत प्रतिपादित किया है। कितना भी गंभीर आरोप हो भाजपा के लोग इस्तीफा नहीं देते। वैसे इस्तीफा देना किसी अपराध की सजा नहीं है। लेकिन यहां वह भी नहीं होता है। जैसे अभी एपस्टीन फाइल्स को लेकर पूरी दुनिया में हंगामा मचा है। इस्तीफा हो रहे हैं। गिरफ्तारियां हो रही हैं। ब्रिटेन में तो राजा के भाई को ही गिरफ्तार कर लिया गया। अमेरिका में ब्रिटिश सरकार के राजदूत रहे नेता की गिरफ्तारी हुई है। प्रधानमंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ और मीडिया सलाहकार का इस्तीफा हुआ है। विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष ने इस्तीफा दिया है। नार्वे के पूर्व प्रधानमंत्री ने खुदकुशी करने की कोशिश की है। लेकिन भारत में? भारत में जिसके ऊपर आरोप लगे, एपस्टीन के साथ जिसके सैकड़ों ईमेल सामने आए और कई बार मुलाकातों का ब्योरा सामने आया वह प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अपने को बेदाग बताता रहा और आरोप लगाने वालों को ही भ्रष्ट, बेईमान बताने लगा। मीडिया का एक समूह केंद्रीय मंत्री से इस्तीफा मांगने या कम से कम सवाल पूछने की बजाय मंत्री के साथ साथ दुनिया के सबसे नीच सेक्स अपराधी एपस्टीन का बचाव करने लगा। केंद्रीय मंत्री और देश के बड़े कारोबारी का नाम एपस्टीन के साथ जुड़ा लेकिन दिन भर शुचिता, ईमानदारी, त्याग, तपस्या आदि की बात करने वाले भारत में किसी के ऊपर रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ा। यह नया भारत है यहां इस्तीफा नहीं होता है। बहरहाल, वॉशिंग मशीन की कहानी अब घर घर पहुंच गई है। भाजपा के बड़े नेता पहले दूसरी पार्टियों के बड़े नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। किसी पर 70 हजार करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं तो किसी पर चार हजार करोड़ रुपए का आरोप लगाते हैं। किसी को कांग्रेस आलाकमान का एटीएम बताते हैं तो किसी को दूसरी प्रादेशिक पार्टी के नेता का एटीएम बताते हैं। इसके बाद उसी नेता को गाजे बाजे के साथ अपनी पार्टी में शामिल करा लेते हैं।

## गड्ढों में तब्दील मार्ग, हादसों का अंदेशा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः पर्यटन नगरी खिर्सू को जोड़ने वाले खिर्सू-बुघाणी मोटर मार्ग की बदहाल स्थिति लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और पहाड़ी से गिर रहा मलबा राहगीरों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। बारिश से गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे वाहन चालक व राहगीर परेशान हैं। वहीं सड़क पर फैला मलबा लोगों के लिए परेशानी का कारण बना है। दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी गबर सिंह भंडारी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क की अनदेखी की जा रही है। नियमित मरम्मत न होने से मार्ग की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। कहा कि श्रीनगर से लेकर कोरचुला तक मार्ग पर सफर करना जोखिम बना है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से कोरचुला गधेरे, गढ़वाल विवि के आवासीय परिसर और है।

# नशे के खिलाफ अभियान चलाने का निर्णय

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः टूरिस्ट संदेश फॉण्डेशन द्वारा कण्वनगरी संस्कारशाला के तहत सुभाष चन्द्र नौटियाल के संयोजन व समाजसेवी सत्य प्रकाश थपलियाल जी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के लिए विषय ह्रासंस्कारयुक्त, नशा मुक्त युवाह विषय पर विचार किया गया। वक्ताओं ने समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर गम्भीर चिंता व्यक्त करते हुए कई सुझाव प्रस्तुत किये।

बैठक में तय किया गया कि, सभी शिक्षण संस्थानों में जन-जागरूक के लिए संवाद से समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में कण्वनगरी कोटद्वार के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जायेगा। प्रत्येक संस्थान से दो सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन कर एक अन्तर उच्च शिक्षण संस्थान भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागी प्रमाण पत्र दिया जायेगा साथ ही प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि, विवाह तथा शुभ आयोजन में नशे से दूर रहने के लिए समाज में जन-जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शराब मुक्त शादी के लिए अभियान चलाया जाएगा। समाज को



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

नशामुक्त करने के लिए एक महिला टीम भी गठित की जायेगी। नशे के मनोविज्ञान पर आधारित साहित्य का सृजन किया जायेगा। नशामुक्ति अभियान से विषय विशेषज्ञों को जोड़ने की पहल की जायेगी। किशोर अवस्था को नशामुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी शिवदयाल बौडियाल, पूर्व क्षेत्रीय वनाधिकारी राजेन्द्र पंत, पूर्व प्रधानाचार्य चित्रमणी देवलियाल, पूर्व शिक्षक जनार्दन प्रसाद ध्यानी, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ सुरेन्द्र लाल आर्य, पूर्व प्रधानाचार्य शंकर दत्त गौड़, वरिष्ठ रंगकर्मी अनसूया प्रसाद डंगवाल, वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र उनियाल, आकाशवाणी के पूर्व निदेशक चक्रधर कण्डवाल, भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष हर्षित शर्मा, एकेवीएन पब्लिक स्कूल के संस्थापक प्रकाश चन्द्र कोठारी, शिक्षक डॉ पद्मेश बुडाकोटी, बाल भारती पब्लिक स्कूल के संस्थापक गिरीराज सिंह रावत, कै.(रि.) पी.एल. खन्तवाल, वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रेश लखेड़ा, छात्र प्रियांशु ध्यानी, प्रवेश चन्द्र नवानी, वरिष्ठ समाजसेवी अजयपाल सिंह रावत, नागरिक मंच के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश नैथानी, वरिष्ठ समाजसेवी दीपक कुकरेती, नरेन्द्र सिंह बिष्ट, श्रीमती मंजू रावत, मालिनी वैली ग्रीष्ठ कॉलेज की रूनुमी शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार कमल बिष्ट, नेत्रपाल सिंह रावत, शिक्षक राकेश मोहन ध्यानी, वरिष्ठ समाजसेवी विकास देवरानी, वरिष्ठ पत्रकार पं. सूरज कुकरेती, विजय माहेश्वरी, कण्वघाटी महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ अनुराग शर्मा, जीवानन्द शर्मा तथा अरविन्द दुदपुड़ी उपस्थित थे।

# समस्याओं पर फूटा कांग्रेस का गुस्सा, किया प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः शहर में हो रही गैस सिलेंडर की किल्लत व लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि समय पर समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कंग्रेस आंदोलन को मजबूर होगी।

रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी चिलरखाल वन चौकी के समीप एकत्रित हुए। जहां उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि 12 फरवरी को न्यायालय ने लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण को स्वीकृति दी। लेकिन, अब तक धरातल पर मार्ग निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है कहा मोटर मार्ग को व्यावसायिक वाहनों के लिए खोला जाना चाहिए, जिससे क्षेत्रवासियों को सुविधा हो सके। कार्यकर्ताआओ ने क्षेत्र में



गैस की किल्लत व मोटर मार्ग को लेकर चिल्लरखाल में धरना प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता

बढ़ती गैस की किल्लत के लिए भी शासन प्रशासन को जिम्मेदार बताया। कहा कि गैस की भारी किल्लत से लोग अपने घरों में दो वक्त का खाना भी नहीं बना रहे है, खासकर कार्मिशिल सिलेंडरों के अभाव में होटल व रेस्टोरेंट भी बंद हो रहे है। जिसका सीधा लोगों की रोजीरोटी पर पड़ रहा है। कहा कि प्रशासन की तरफ से एक ही शहर में गैस बुकिंग के लिए दो प्रकार के मानक तय किए गए है, जो कि सरासर अव्यवाहारिक है। कहा कि एक ही शहर को शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बांटकर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रही है। कहा कि एक ही शहर में दोहरे मानकों को हटाकर पूर्व की भांति उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग की सुविधा प्रदान की जाए। इस मौके पर प्रवीन रावत, जगदीश मेहरा, सुनील सेमवाल, नीरज बहुगुणा, विजयपाल मेहरा, हयात सिंह मेहरा, पूर्ण चंद्र शर्मा, सतेंद्र नेगी, गीता नेगी, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, सुदर्शन सिंह बिष्ट, बृजपाल सिंह, साबर सिंह नेगी, लक्ष्मी देवी, शांति देवी, गीता सिंह, विनीता भारती, उर्मिला बहुखंडी, दमयंती देवी, जानकी बुडाकोटी, राजीव कपूरी, मानशेर सिंह मौजूद रहे।

# हाथियों का आतंक, बर्बाद की फसल

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** कोटद्वार क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिमी झंडीचौड़ में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हाथी काश्तकारों की गेहूं की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिसके कारण काश्तकारों के सम्मुख रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है। काश्तकारों ने वन विभाग से हाथियों सहित जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

बीती रात को झंडीचौड निवासी रमेश चंद्र, अनुसुया प्रसाद, मुकेश व अनुसुया देवी की खेत में हाथियों का झुंड आ धमका। हाथियों के झुंड ने खेतों में कई बीघा में खड़ी गेहूं की फसल को रौंद डाला, जिससे काश्तकारों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। दरअसल, आए दिन हाथियों के झुंड सहित जंगली जानवरों गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पार्षद सुखपाल शाह ने कहा कि शाम ढलते ही जंगली जानवर हाथी, सूअर, नीलगाय जंगल से सटे हुए किसानों की खड़ी गेहूं की फसल को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं।जंगली जानवरों को आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए वर्ष 2003 में तत्कालीन मंत्री रहे सुरेंद्र सिंह नेगी ने पावर फेंसिंग का निर्माण करवाया गया था। लेकिन, देखरेख के अभाव में पावर फेंसिग क्षतिग्रस्त हो गई है। कहा कि क्षेत्रवासी लंबे समय से हाथी सुरक्षा दीवार की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन, शासन प्रशासन आंखे मूंदे बैठा है। कहा कि क्षेत्रीय विधायक ऋतु खंडूडी भूषण से भी हाथी सुरक्षा दीवार बनाए जाने की मांग वार्डवासी कर चुके है। क्षेत्रीय विधायक ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान खाई खोदे जाने का भी आश्वासन दिया था। लेकिन, अभी तक खाई भी नहीं खोदी गई है, जिसके कारण जंगली जानवर आबादी क्षेत्र में आकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से रात्रि गश्त बढाए जाने व जंगल से सटे क्षेत्र में खाई खोदे जाने व काश्तकारों को पटाखे, टार्च उपलब्ध करवाए जाने की मांग की है।

## चोपता पहुंची मां चंडिका की देवरा यात्रा

रुद्रप्रयाग। फलासी की मां चंडिका की देवरा यात्रा के चौथे चरण के दौरान चोपता में भक्तों को दर्शन दिए गए। इस दौरान मां ने भक्तों की कुशलक्षेम पूछते हुए सुख–समृद्धि का आशीर्वाद दिया। वहीं यात्रा रात्रि प्रवास के लिए भोनू गांव पहुंची। 23 नवंबर से शुरू हुए मां चंडिका की देवरा यात्रा तीन चरणों में विभिन्न गांवों का भ्रमण कर रही है। अंतिम चरण की यात्रा 19 फरवरी से जारी है, जिसमें भटवाड़ी, उखीली, बच्छनी, तड़ाग, क्यूड़ी कांडा सहित कई गांवों में पहुंचकर मां के दर्शन कराए गए। शनिवार को यात्रा कोल्लू गांव से चोपता पहुंची, जहां रघुवीर सिंह राणा के निवास पर रात्रि विश्राम किया गया। रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा–अर्चना और आरती के बाद डोली को सजाया गया। इसके बाद मां की डोली ने नृत्य करते हुए भक्तों को आशीर्वाद दिया और चोपता बाजार में दर्शन के बाद भोनू गांव के लिए प्रस्थान किया। तुंगेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष मानवेन्द्र बर्त्वाल ने बताया कि यात्रा अपने अंतिम चरण में है। 30 अप्रैल से तुंगेश्वर मंदिर फलासी में महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसका समापन 8 मई को पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। इसी के साथ देवरा यात्रा भी संपन्न होगी। इस अवसर पर पंडित त्रिलोचन प्रसाद भट्ट, उपाध्यक्ष दलवीर राणा, सचिव पूर्ण सिंह खत्री, ऐरावल और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नियमित आ रहे हैं पानी के बिल

रुद्रप्रयाग। गर्मियां शुरू होने से पहले ही जखोली विकासखंड का किरोड़ा गांव पेयजल संकट से जूझने लगा है। ग्रामीणों की शिकायत है कि करीब 200 परिवारों वाले इस गांव में पिछले चार महीनों से पानी की अनियमित आपूर्ति नहीं हो रही है। इस कारण ग्रामीणों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि पानी के बिल तो जल संस्थान नियमित रूप से भेज रहा है मगर घर के नलों में चार महीने से पानी की आपूर्ति अनियमित है। ऐसे में ग्रामीण प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर निर्भर हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के प्राकृतिक स्त्रोत से हर घर नल योजना के तहत दो वर्ष पहले पेयजल कनेक्शन दिए गए थे लेकिन इसके बाद से ही पानी की समस्या लगातार बनी हुई है। लोगों का कहना है कि प्राकृतिक स्त्रोत को पेयजल लाइन से जोड़ने के बावजूद नलों में कई–कई दिनों तक पानी नहीं आता। ग्राम प्रधान सोना देवी, पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह उछोली, सूरवीर सिंह और देवी प्रसाद काणपाल ने बताया कि जिस प्राकृतिक स्त्रोत पर गांव निर्भर था उसे भी योजना से जोड़ दिया गया है।

# वन विभाग ने चलाया स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः आमजन को वन सुरक्षा व स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए वन विभाग की ओर से रथुवाढाब वन विश्राम भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वन अधिकारी व कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को स्वच्छ भारत का संदेश दिया। कहा कि वनों की सुरक्षा के लिए भी हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान लैंसडौन विधायक दिलीप सिंह रावत ने कर्मचारियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया।

कहा कि हमें अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना होगा। अभियान में इनवायरोमैंट क्लब मेरठ व जीवन दीप समिति की ओर से भी सहयोग किया



स्वच्छता अभियान के दौरान वन विभाग की ओर से एकत्रित किया गया कूड़ा

गया। जगह–जगह फैली गंदगी को एकजगह एत्रित कर उसे नष्ट किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही वन्य जीवों व जंगलों की सुरक्षा में योगदान दे रहे लोगों ग्रामीणों व फायर वाचरों को भी सम्मानित किया गया। इसके उपरांत फायर ब्रिगेड पौड़ी की टीम ने जंगलों को आग से बचाव की जानकारी दी। इस मौके पर उप वन संरक्षक तरूण एस, उप प्रभागीय वनाधिकारी सोनानदी अनामिका बुक्करवाल, शिप्रा वर्मा, हरेंद्र रावत, अमोल ईष्टवाल, अजय रावत, आशीष मोहन तिवारी आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ने दो वाटर कूलर लगाए

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः गर्मी के मौसम में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध करवाने के लिए रोटरी मण्डल 3100 के सहयोग से दो वाटर कूलरो (श्रीसिद्धबली मन्दिर व शिव मंदिर घराट में) लगाए गए। श्री सिद्धबली मंदिर परिसर मे आयोजित उक्त कार्यक्रम शुभारंभ मन्दिर समिति के अध्यक्ष डा.जे पी ध्यानी व रोटरी अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने रीबन काटकर किया । इस अवसर पर डा.जे पी ध्यानी ने कहा कि जल ही जीवन है जल के बिना मनुष्य जीवित नही रह सकता है। उन्होने रोटरी क्लब द्वारा लगाये गये वाटर कूलरो के लिये आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे गर्मी मे श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। रोटरी अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने अतिथिओ का स्वागत करते हुए कहा कि यदि प्यासे को जल मिल जाए तो उसे बड़ी तृप्ति मिलती है इसी उद्देश्य से रोटरी क्लब कोटद्वार ने रोटरी मण्डल 3100 के मण्डलाध्यक्ष



आयोजित कार्यक्रम में वाटर कूलर देते सदस्य

नितिन अग्रवाल के सहयोग से दो वाटर कूलर जनता को समर्पित किये । गोपाल बंसल वाई पी गिलरा,अनीत चावला, विजय कुमार माहेश्वरी व इनरव्हील क्लब पिंक की अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सचिव विजय कुमार ने किया। वहीं, घराट स्थित श्री शिव मंदिर व श्री सिद्धिबली मंदिर स्थित चरण पादुका स्टैंड के पास दो वाटर कूलर जनता को समर्पित किये गए। विजय कुमार माहेश्वरी, डाॅ एन पी पोखरियाल , मनीष अग्रवाल, संजीव अग्रवाल,बीना रावत ,अशोक अग्रवाल, राजेश गुप्ता ,अमित अग्रवाल , धनेश अग्रवाल, प्रतिभा गुप्ता ,ऊषा अग्रवाल, प्रवीण गोयल, दीपक भाटिया इनव्हील क्लब पिंक की अध्यक्षा शिल्पी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# आवारा गोवंश के संरक्षण की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

स्थानीय लोगों ने सड़क पर घूम रहे आवारा गोवंश के संरक्षण की मांग की है। कहा कि नगर निगम व प्रशासन को गोवंश के आतंक से निजात दिलवाने के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। आए दिन गोवंश राहचलते लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं।

इस संबंध में स्थानीय निवासी महेंद्र कुमार, राजीव नेगी, राहुल थपलियाल ने प्रशासन को ज्ञापन दिया। बताया कि शहर की सड़कों पर लगातार निराश्रित गोवंश की तादात बढ़ती जा रही है। कुछ दिन पूर्व बालासौड़ में एक गोवंश ने राहचलते व्यक्ति पर हमला कर दिया था। व्यक्ति को उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यही नहीं कुछ पूर्व पूर्व गोवंश के हमले में घायल एक व्यक्ति की मौत तक हो गई थी। कई बार गोवंश सड़क किनारे दुकानों के भीतर तक घुस जाते हैं।

आवारा गोवंश के कारण सबसे अधिक चिंता बच्चों व बुजुर्गों को लेकर बनी रहती है। कहा कि नगर निगम व स्थानीय प्रशासन को गोवंश के आतंक से निजात दिलवाने के लिए कार्य करना चाहिए। साथ ही गोवंश को सड़क पर छोड़ने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## चौरास में युवा समाज कल्याण समिति का गठन

श्रीनगर गढ़वाल। चौरास क्षेत्र में युवाओं को संगठित कर सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के उद्देश्य से चौरास युवा समाज कल्याण समिति का गठन किया गया। समिति में सुमित सिंह रावत को अध्यक्ष, आर्यन राणा को उपाध्यक्ष, आयुष रतकली को महासचिव और अनमोल रावत को कोषाध्यक्ष व अमन काला को प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अलावा मनीष सिंह, सौरभ, रोहन, सक्षम राणा, मोहित उनियाल और रवि रावत भी समिति के कार्यों में सहयोग करेंगे। समिति का उद्देश्य क्षेत्र के विभिन्न गांवों में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, स्वच्छता अभियान चलाना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

# महिलाओं ने माता पार्वती को चढ़ाया श्रृंगार का सामान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः वैश्य अग्रवाल महिला सभा की ओर से गणगौर त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। महिलाओं ने माता पार्वती व भगवान शिव से अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महिला सभा की अध्यक्ष रेनू अग्रवाल ने किया। उन्होंने महिलाओं को गणगौर त्योहार के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान महिलाओं ने सोलह श्रंगार कर माता पार्वती व शिव की पूजा अर्चना की। जिसमें सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्वती होने व कुंवारी लड़कियों ने मनचाहा वर मांगने की प्रार्थना की। रेनू अग्रवाल ने कहा कि यह राजस्थानी



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं

परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। कहा कि सोलह श्रंगार के रूप में इस पर्व में 16 का अंक महत्वपूर्ण है, महिलाएं 16 दिनों तक पूजा करती है, यह पर्व होलिका दहन के अगले दिन से शुरू होकर 16 दिनों तक चलता है, जिसमें माता पार्वती (गौरी) और भगवान शिव (ईसर) की पूजा की जाती है। कहा कि पौराणिक मान्यता के अनुसार माना जाता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए 16 दिनों तक कठिन तपस्या की थी, जिसके फलस्वरुप उन्हें भगवान शिव प्राप्त हुए। कहा यह त्यौहार राजस्थानी संस्कृति का अभिन्न अंग है। कार्यक्रम में गणगौर बनाने में रजनी गर्ग को प्रथम , अंशुल अग्रवाल को द्वितीय व पूर्वी गर्ग को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

इस मौके पर वैश्य अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुबोध गर्ग, अशोक अग्रवाल, ईश्वर शरण अग्रवाल, पवन ऐरन, संजय मित्तल, पूर्ति अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, जिया ऐरन, अंशुल ऐरन, कृति अग्रवाल मौजूद रहे।

# डीजे बजाने से रोका तो कर दिया पुलिस टीम पर हमला, एक गिरफ्तार, एक फरार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आमपड़ाव में डीजे बनाने को लेकर दो भाईयों के बीच विवाद हो गया। यही नहीं मौके पर पहुंची पुलिस पर भी युवकों ने हमला कर दिया। मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, उसका भाई फरार चल रहा है।

बीती देर रात गस्त के दौरान पुलिस टीम मोहल्ला आम पड़ाव में पहुंची, जहां खुमरा बस्ती में कुछ युवक सड़क पर डीजे लगा कर नाच रहे थे। पुलिस उपनिरीक्षक व बाजार चौकी प्रभारी विनोद कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों ने इन लोगों को समझाया कि सडक को बाधित मत करो और डीजे को किनारे कर नाच लो। इस फिर युवक मौके से चले गए।



कोटद्वार पुलिस की हिरासत में आरोपी

लेकिन खुमरा बस्ती निवासी आकिब उर्फ गबरू व उसका भाई साहिद वही पर डीजे बजाने की जिद पर अड़ गए। कई बार समझाने के बाद भी दोनों नहीं माने। इस बीच साहिद अपने भाई आकिब उर्फ गबरू को पुलिस पर हमला करने के लिए उकसाने लगा। आकिब भी पुलिस को देख लेने की धमकी देते हुए घर की तरफ चला गया। जबकि पुलिस ने शाहिद को पकड़ कर गाड़ी में बिठा दिया। पुलिस की माने तो जैसे ही गाड़ी आगे बढ़ी, आकिब ने सरिए से गाड़ी के शीशे पर तेज प्रहार कर दिया, जिससे शीशा फूट गया। इधर, गाड़ी के भीतर बैठा शाहिद भी पुलिस पर हमलावर हो गया और पुलिस कर्मियों को जान से मारने की बात कहने लगा।

बाहर खड़े आकिब ने फिर गाड़ी के सामने के शीशे पर तेज प्रहार किया, जिससे ड्राईवर शीट के फ्रन्ट वाला शीशा टूट गया। पुलिस ने गाड़ी से बाहर निकल आकिब को पकड़ा। लेकिन, वह छूट कर भाग गया। कोतवाली पहुंच चौकी प्रभारी विनोद कुमार की तहरीर पर आकिब और शाहिद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शाहिद को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि आकिब फरार है।

# 15 अप्रैल को मनाया जाएगा स्थापना दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः गौरव सैनिक पैराशूट रेजिमेंट स्पेशल फोर्स संगठन ने 15 अप्रैल को फोर्स का स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई।

मदपुर में आयोजित बैठक में व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गइ। वक्ताओं ने कहा कि इस बार स्पेशल फोर्स का स्थापना दिवस बडे धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें गौरव सैनिक के स्वजनों की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी जाएगी, साथ ही गौरव सैनिकों की समस्याओं को लेकर भी चर्चा की जाएगी। कहा कि कार्यक्रम घमंडपुर स्थित एक रेस्टोरेंट में



आयोजित बैठक में भाग लेते पदाधिकारी

आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों व वीर नारियों को कार्यक्रम को सफल बनाए जाने का आग्रह किया। इस मौके पर गजराज सिंह नेगी, गोपाल सिंह, बलवान सिंह राव,त पुष्कर सिंह रावत, शिव सिंह रावत, डबल सिंह असवाल, बिरेंद्र सिंह रावत, अनूप ध्यानी, चंद्रशेखर चौहान, जशपाल सिंह रावत, सोहन सिंह गुसांई, नरेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह मौजूद रहे।




## खिर्सू–बुघाणी मार्ग पर गड्ढों और मलबे से बना दुर्घटनाओं का खतरा

श्रीनगर गढ़वाल( । पर्यटन नगरी खिर्सू को जोड़ने वाले खिर्सू–बुघाणी मोटर मार्ग की बदहाल स्थिति लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क पर जगह–जगह गहरे गड्ढे और पहाड़ी से गिर रहा मलबा राहगीरों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। बारिश से गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे वाहन चालक व राहगीर परेशान हैं। वहीं सड़क पर फैला मलबा लोगों के लिए परेशानी का कारण बना है। दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी गबर सिंह भंडारी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क की अनदेखी की जा रही है। नियमित मरम्मत न होने से मार्ग की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। कहा कि श्रीनगर से लेकर कोरचुला तक मार्ग पर सफर करना जोखिम बना है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से कोरचुला गधेरे, गढ़वाल विवि के आवासीय परिसर और है।

## नवरात्र पर धारी देवी मंदिर में भंडारे का आयोजन

श्रीनगर गढ़वाल। चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां धारी देवी मंदिर में रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र सहित दूर–दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की पहल पूर्व छात्र नेता आयुष मिंया द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से मां के दरबार में सेवा करना चाहते थे और इस बार उन्हें यह अवसर प्राप्त हुआ। आयोजन को सफल बनाने में अंकित रावत, विरेंद्र बिष्ट, हिमांशु भंडारी, महीपाल, कार्तिकेय, अंशुमान, शिवांश डोभाल, सौरभ सहित अन्य युवाओं ने सहयोग किया।

## बस अड्डे पर गैस वाहन पहुंचते ही उमड़ी भीड़

रुद्रप्रयाग। रविवार को नगर मुख्यालय के बस अड्डे पर गैस वाहन पहुंचते ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी। डांगसेरा, हितडांग, बेलणी, अपर बाजार और मकड़ी बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर पहुंचे। अचानक बढ़ी भीड़ के चलते बस अड्डे पर अव्यवस्था का माहौल बन गया। गैस वाहन में करीब 250 सिलेंडर लदे थे, जिनका वितरण सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर बाद तक चलता रहा।

## रुद्रप्रयाग के दौरे पर रहेंगे प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा

रुद्रप्रयाग( । जनपद में जन–जन की सरकार चार साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत 23 मार्च को प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा रुद्रप्रयाग जनपद के दौरे पर रहेंगे। वे अगस्त्यमुनि क्रीड़ा भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार–प्रसार, आवेदन और पंजीकरण की सुविधा दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली की चपेट में आने से डेढ़ दर्जन भेड़ बकरियों की मौत

उत्तरकाशी। मोरी विकासखंड के सल्ला गांव के जंगलों में बीते शनिवार दोपहर बिजली गिरने से डेढ़ दर्जन से अधिक भेड़ बकरियों की मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब क्षेत्र में अचानक मौसम खराब हुआ और आंधी–तूफान के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान जंगल में चर रही भेड़–बकरियों पर बिजली गिर गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कासला गांव निवासी चैन सिंह, जोत सिंह, संदीप, नारायण सिंह, विक्रम सिंह सहित अन्य भेड़ पालकों की भेड़–बकरियां जंगल में चरान चुगान के लिए गई हुई थीं। दोपहर में अचानक गिरी बिजली की चपेट में आने से करीब डेढ़ दर्जन भेड़ बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। चैन सिंह ने बताया कि इन दिनों मोरी पर्वतीय क्षेत्र में भेड़ पालक अपने पशुओं को जंगलों में चरान के लिए ले जाते हैं और अस्थायी डेरा डालकर वहीं रहते हैं। बीते शनिवार को भी भेड़ पालकों का डेरा सल्ला गांव के ऊपरी जंगलों में था। इस दौरान मौसम खराब हुआ और यह हादसा हो गया। पीड़ित भेड़ व बकरी पालकों ने प्रशासन से नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### डुंडा के ज्वाल्पा देवी मंदिर में नवरात्र पर लग रहा मंडाण

उत्तरकाशी। चैत्र नवरात्रि पर जनपद के जगह–जगह देवी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। इसके साथ ही डुंडा गांव के सलाणखोला तोक में स्थित ज्वाल्पा देवी मंदिर में देर रात को मंडाण का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान नरसिंह, नागराज और भैरव देवता के साथ ही अन्य पश्वा अवरित होकर ग्रामीणों को अपना आशीर्वाद दे रहे हैं। मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर मां भगवती की विशेष पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। इसके साथ ही रात्रि को विशेष देवताओं का मंडाण लगाया जा रहा है। इसमें देव पश्वा अवतरित होकर नृत्य कर रहे हैं। इस मौके पर बचन सिंह गुसांई, सोवेंद्र सिंह गुसांई, अतर सिंह, चेन सिंह, केदार सिंह गुसांई ने बताया कि मंदिर में हर तीन साल बाद नवरात्र में मां ज्वाल्पा देवी मंदिर में मंडाण का आयोजन किया जाता है।

### तहसील स्तर पर राम जन्मोत्सव में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

उत्तरकाशी। विश्व हिंदू परिषद की बैठक में आगामी राम जन्मोत्सव को लेकर तहसील स्तर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत 24 मार्च को हनुमान चालीसा पाठ, राम नवमी पर सामूहिक कन्या पूजन और 5 अप्रैल को गायत्री यज्ञ आयोजित किए जाएंगे। रविवार को रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित बैठक में नगर की समस्याओं के साथ–साथ युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर भी चिंता जताई गई। इस दौरान बजरंग दल के जिला संयोजक सत्येंद्र परमार ने कहा कि संगठन नशे के खिलाफ अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक करेगा। निर्णय लिया गया कि 24 मार्च को हनुमान चौक स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ, राम नवमी पर रुद्रेश्वर मंदिर में सामूहिक कन्या पूजन और 5 अप्रैल को वाल्मीकि बस्ती में गायत्री यज्ञ आयोजित होगा।

बैठक में जोशियाड़ा नगर क्षेत्र के लिए राजपाल पंवार को प्रखंड अध्यक्ष और केदार घाट मार्ग के लिए महेंद्र सिंह रावत को बस्ती अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर नगर संयोजक कूनाल सहदेव, कीर्ति सिंह महर, उमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### आश्रितों को क्षैतिज आरक्षण न मिलने पर जताया रोष

उत्तरकाशी। डुंडा के कोटधार बाजार में उत्तराखंड चिह्नित राज्य आंदोलनकारियों ने बैठक कर आश्रितों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ नहीं मिलने पर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई और जल्द कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।रविवार को दशगी, भंडारस्यूं, हातड़ और बिष्ट पट्टी के बड़ी संख्या में आंदोलनकारी कोटधार बाजार में एकत्र हुए। यहां आंदोलनकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह भंडारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सरकार द्वारा घोषित 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ आंदोलनकारियों के आश्रितों को अब तक नहीं मिलने पर रोष व्यक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष भंडारी ने कहा कि सरकार ने आरक्षण तो घोषित किया, लेकिन किसी भी आंदोलनकारी के आश्रित को इसका लाभ नहीं मिला, जिससे वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। बैठक में आंदोलनकारियों ने ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द लाभ नहीं दिया गया तो सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा।

# विकास भी, विरासत भी, निवेश इंफ्रास्ट्रक्चर और उपलब्धियों से उत्तराखण्ड ने रचा नया इतिहास



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड ने पिछले चार वर्षों में विकास और विरासत का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जिसने राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की गई है।

निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ी छलांगः राज्य में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में 3.56 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए, जिनमें से 1 लाख करोड़ से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है। नैनीताल जिले की जमरानी बांध परियोजना और ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से चल रहा है। वहीं, दिल्ली–देहरादून एलिवेटेड रोड भी जल्द शुरू होने वाली है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए किच्छा (ऊधमसिंह नगर) में एम्स सैटलाइट सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। राज्य में उड़ान योजना के तहत पर्वतीय क्षेत्रों में हेली सेवाओं का संचालन शुरू किया गया है, जिससे कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार आया है।

ग्रामीण और सीमांत क्षेत्रों में विकास : वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत चयनित गांवों में 270 करोड़ की लागत से करीब 200 विकास योजनाओं पर कार्य जारी है। साथ ही, 13 जिलों में 13 आदर्श संस्कृत ग्रामों का शुभारंभ किया गया है।

ऊधमसिंह नगर के खुरपिया फार्म में स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप की स्वीकृति और टनकपुर–बागेश्वर रेललाइन को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के प्रयास, राज्य के औद्योगिक विकास को नई दिशा दे रहे हैं। शिक्षा और संस्कृति में नवाचारः उत्तराखण्ड राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना। वहीं, दून विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज की स्थापना की गई है। राज्य के स्कूलों में श्रीमद् भगवद् गीता को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय भी सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

पर्यटन, ऊर्जा और खेलों में रिकॉर्ड उपलब्धियां : राज्य में पर्यटन ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वर्ष 2025 में 6.03 करोड़ से अधिक पर्यटक उत्तरखण्ड पहुंचे, जबकि चार धाम यात्रा में लगभग 48 लाख श्रद्धालु शामिल हुए। कांवड़ यात्रा में 4.15 करोड़ से अधिक शिवभक्तों की भागीदारी रही। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य की सौर ऊर्जा क्षमता 1 गीगावाट से अधिक पहुंच गई है। वढउछ ने 42,000 से अधिक सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित कर नया कीर्तिमान बनाया है।

# धामी सरकार ने आंदोलनकारियों, सैनिकों और आमजन को दिया सशक्त सहारा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने अपने चार साल के कार्यकाल में राज्य आंदोलनकारियों, सैनिकों और आमजन के सम्मान व कल्याण को प्राथमिकता देते हुए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

आंदोलनकारियों और सैनिकों को सम्मान : राज्य आंदोलनकारियों के योगदान को सम्मान देते हुए सरकारी नौकरियों में उन्हें 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया गया है। इसके साथ ही उनके आश्रितों की पेंशन 3000 से बढ़ाकर 5500 प्रतिमाह कर दी गई है। वहीं, राज्य आंदोलन के दौरान 7 दिन जेल गए अथवा घायल हुए आंदोलनकारियों की पेंशन भी 6000 से बढ़ाकर 7000 प्रतिमाह कर दी गई है, जो उनके संघर्ष के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

सैनिकों के सम्मान में भी बड़े फैसले लिए गए हैं। शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख कर दी गई है। वहीं, परमवीर चक्र विजेताओं के लिए यह राशि 50 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़ कर दी गई है। इसके अलावा, राज्य में अग्निवीर योजना के अंतर्गत सेवा देने वाले युवाओं को भी सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया गया है।

ह्यसेवा का संकल्पह्ल से जन–जन तक पहुंची सरकारः धामी सरकार की ह्लजन–जन की सरकार, जन–जन के द्वारह्व पहल ने जनसेवा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस अभियान के तहत प्रदेशभर में 686 शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 5.37 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया।

इन शिविरों के माध्यम से 2.96 लाख से अधिक नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिला। वहीं, प्राप्त 51,317 शिकायतों में से 33,990 का मौके पर ही समाधान किया गया, जो प्रशासन की तत्परता को दर्शाता है। डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देते हुए अपुणि सरकार पोर्टल के माध्यम से करीब 950 सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है, जिससे आम नागरिकों को घर बैठे सुविधाएं मिल रही हैं।

समाज के हर वर्ग का ध्यान : सरकार ने वृद्धजनों के लिए वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाकर 1500 कर दी है, जिससे अब बुजुर्ग दंपत्ति दोनों को इसका लाभ मिल रहा है। इसके अलावा, वृद्ध एवं आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों और लेखकों की मासिक पेंशन 3000 से बढ़ाकर 6000 करने का निर्णय लिया गया है।

समावेशी विकास की दिशा में मजबूत कदम : चार वर्षों में लिए गए इन फैसलों से स्पष्ट है कि राज्य सरकार ने न केवल विकास को गति दी है, बल्कि समाज के हर वर्ग–आंदोलनकारी, सैनिक, बुजुर्ग, महिलाएं और आम नागरिक–को साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। सरकार का लक्ष्य सेवा, सम्मान और सुशासनह्व के मूल मंत्र के साथ उत्तराखण्ड को एक सशक्त और संवेदनशील राज्य के रूप में स्थापित करना है।

# ट्रांसजेंडर संशोधन बिल का दून में किया विरोध

देहरादून। संसद में हाल ही में पेश किए गए ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन बिल 2026 के खिलाफ दून में भी ट्रांसजेंडर समुदाय और उनके समर्थकों ने मोर्चा खोल दिया है। रविवार को तिब्बती मार्केट के पास स्थित रेस्त्रां में ट्रांसजेंडर समुदाय और सहयोगी संस्थाओं ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर इस बिल को तुरंत वापस लेने की मांग की। समुदाय का कहना है कि यह बिल बिना उनकी राय लिए लाया गया है और यह उनके वर्षों के संघर्ष से मिले अधिकारों को छीनने वाला है। प्रेसवार्ता में ओशिन, मीरा और नैना आदि ने समुदाय का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने 13 मार्च 2026 को लोकसभा में यह बिल पेश किया था। जिसे 23 मार्च को संसद में चर्चा के लिए लाया जाना है। समुदाय ने इसे गरिमा, निजता और पहचान के अस्तित्व पर खतरा बताते हुए चेतावनी दी कि यदि इसे अधिनियम बनने से नहीं रोका गया, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। वक्ताओं ने कहा कि यह संशोधन बिल 2014 के सुप्रीम कोर्ट के नालसा जजमेंट का सीधा उल्लंघन है। जो स्व–अनुभूत जेंडर पहचान का अधिकार देता है। नए बिल में जेंडर पहचान की मान्यता का अधिकार व्यक्ति से छीनकर सरकार से नियुक्त मेडिकल बोर्ड को दे दिया गया है। इससे ट्रांसजेंडर की परिभाषा केवल जैविक आधार तक सीमित हो जाएगी। कहा कि बिल केवल कुछ सांस्कृतिक समुदायों (जैसे हिजड़ा, किन्नर, अरावानी) तक पहचान को सीमित करता है, जिससे ट्रांस पुरुष, ट्रांस महिला और नॉन–बाइनरी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित हो जाएंगे।

### सर्जन पति पर ईएनटी डाक्टर ने लगाया गला घोंटने का आरोप

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर ने नैनीताल में तैनात सर्जन पति और सास–ससुर के खिलाफ घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने के प्रयास के आरोप में केस दर्ज कराया है। शहर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल हरिओम राज चौहान ने बताया कि रेसकोर्स वैली निवासी डॉ. आशना पंत ने तहरीर महिला शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायत दी। बताया कि हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई के दौरान उनकी मुलाकात डॉ. प्रशांत ओली से हुई थी। दोनों ने 22 फरवरी 2023 को प्रेम विवाह किया था। डॉ. प्रशांत वर्तमान में बीडी पांडेय अस्पताल नैनीताल में सर्जन के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही सास ने दोनों के डॉक्टर होने का हवाला देते हुए दहेज में गाड़ी न लाने पर ताने मारने शुरू कर दिए। विवाद टालने के लिए मायके पक्ष ने 10 लाख रुपये का चेक डॉ. प्रशांत को दिया। जिसे उन्होंने अपने पिता के साथ मिलकर ज्वाइंट एकाउंट में जमा कर लिया। डॉ. आशना का आरोप है कि ससुर ने भी अक्सर ताने मारते हुए असहज स्थिति बनाई।

# पत्र सूचना कार्यालय, पीआईबी देहरादून द्वारा उड़ीसा के लिए 5 दिवसीय प्रेस टूर



देहरादून। रविवार को प्रेस इनफॉर्मेशन ब्यूरो देहरादून, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित उड़ीसा प्रेस टूर में उत्तराखंड के पत्रकारों का 15 सदस्यीय दल देहरादून से उड़ीसा पहुंचा। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं विकास कार्यों को नजदीक से दिखाने के उद्देश्य से पीआईबी देहरादून द्वारा यह प्रेस टूर का आयोजन किया है। इस प्रेस टूर में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल मीडिया, स्वतंत्र पत्रकार समेत 15 पत्रकारों को उड़ीसा ले जाया गया है, जहां वे केंद्र सरकार के प्रमुख उपलब्धियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे। यह प्रेस टूर ढकइ की उस परंपरा का हिस्सा है जिसमें सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों एवं विकास गतिविधियों को मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं।

ढकइ चयनित परियोजना स्थलों पर ऐसे प्रेस टूर आयोजित करता है ताकि पत्रकार देश में चल रही विकास गतिविधियों का सीधा लेखा–जोखा ले सकें। उड़ीसा में पत्रकार केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण कार्यों जैसे औद्योगिक विकास, विकास परियोजनाओं, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं का दौरा करेंगे।प्रेस टूर के कंडक्टिंग ऑफिसर श्री संजीव सुंद्रियाल, सहायक निदेशक, पीआईबी देहरादून ने कहा– "यह प्रेस टूर उत्तराखंड के पत्रकारों को केंद्र सरकार की विकास परियोजनाओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे राज्य के पत्रकारों को उड़ीसा में केंद्र सरकार की उपलब्धियों की गहन, सटीक और स्पष्ट जानकारी मिलेगी।"

श्री सुंद्रियाल ने बताया कि इस प्रेस टूर का उद्देश्य है, पत्रकारों को विभिन्न राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं, संस्थानों एवं गतिविधियों का ज़मीनी स्तर पर प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो सके। प्रेस टूर के शुरुआत में पत्रकारों का दल उड़ीसा के राज्यपाल से मुलाक़ात करेगा। अगले चरण में दल को सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ फिशरीज एंड एक्वाकल्चर भुवनेश्वर, सेंट्रल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट, कट्टक, पारादीप पोर्ट, कोणार्क हेरिटेज साइट का भ्रमण कराया जाएगा। इस दौरान पत्रकारों का दल नंदनकानन प्राणी उद्यान, जगन्नाथ पुरी, रघुबरपुर हेरिटेज गांव का भ्रमण भी करेंगा। रघुबरपुर हेरिटेज गांव जो अपनी पारंपरिक कला और हस्तशिल्प के लिए देश–दुनिया में प्रसिद्ध है। इस हेरिटेज विलेज में लगभग हर घर में कलाकार रहता है और लोग पीढ़ी–दर–पीढ़ी अपनी कला को आगे बढ़ा रहे हैं।

# कांग्रेस ने विकासनगर में नशे के खिलाफ अभियान चलाया



विकासनगर। स्मैक और ड्रग्स के बढ़ते प्रचलन के खिलाफ क्षेत्र में जनजागरण की मुहिम तेज हो गई है। रविवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात के नेतृत्व में विकासनगर मुख्य बाजार में नशा विरोधी अभियान चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर नशे के खिलाफ एकजुटता दिखाई।

पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन और सरकार की लापरवाही से पछुवादून क्षेत्र में नशे का गोरखधंधा फल फूल रहा है, जिसका खामियाजा स्थानीय युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई करने में सक्षम साबित नहीं हो रहे हैं। कार्रवाई के नाम पर पुलिस छोटे तस्करों को पकड़ कर जेल भेज देती है, जबकि नशे के बड़े सौदागर आसानी से बच निकलते हैं। पूरे पछुवादून क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बड़ी खेप शिक्षण संस्थानो में पढ़ रहे युवाओं तक पहुंचाई जा रही है। नशे की गिरफ्त में फंसे युवा समाज के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं।

### कांग्रेस का केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। घरेलू एवं कॉमर्शियल गैस की किल्लत और दाम बढ़ने पर कांग्रेसियों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। आक्रोशित कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। चेताया कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुचारु की जाए और महंगाई पर नियंत्रण किया जाए, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

रविवार को ढालवाला पुलिस चौकी के निकट कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। जिला कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग के जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने कहा कि देश में गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों और आपूर्ति में कमी से आम जनता एवं छोटे व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रसोई गैस आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है, जिससे घरों की रसोई पर सीधा असर पड़ रहा है।

# एआई ने बीमारियों की पहचान और सटीकता को नए आयाम दिए

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में रविवार को पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ, जिसमें जीवन विज्ञान में अनुप्रयुक्त जीनोमिक्स, आणविक निदान और अनुवादात्मक अनुसंधान में उन्नत प्रणालियों में नये आयाम विषय पर विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला का शुभारंभ परिसर निदेशक प्रो. एमएस रावत ने किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक आणविक तकनीकियों से रोगों की पहचान और जांच में तेजी आई है।

प्रयोगशालाओं में एआई ने बीमारियों की पहचान की गति और सटीकता को नये आयाम दिए हैं। माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. एके देशमुख ने सभी प्रतिभागियों से अनुशासित रूप से सीखने और अपनी क्षमता को विकसित करने पर जोर दिया। कार्यशाला समन्वयक एवं डीएनए लैब के प्रबंधक निदेशक डॉ. नरोत्तम शर्मा ने बताया कि कार्यशाला के उद्देश्य को विस्तारपूवर्क समझाया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के शुरूआती तीन दिन ऑनलाइन सत्र चलाए जा रहे हैं, जबकि अंतिम दो दिन ऑफ लाइन सत्र चलाए जाएंगे। प्रथम तकनीकी सत्र में एम्स ऋषिकेश के एडिशनल प्रो., पैथोलॉजी डॉ. नीलोत्पल चौधरी ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में पीसीआर एवं एनजीएस जैसी उन्नत तकनीकों ने बीमारियों के सटीक निदान और उपचार में एक नई क्रांति ला दी है। द्वितीय तकनीकी सत्र में डीएनए लैब की प्रभारी एवं मैक्स हॉस्पिटल की माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. हीना रोहिला ने कहा कि चिकित्सा निदान के क्षेत्र में ऑटोमेशन एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आया है।

# कॉर्मिशियल सिलेंडर की किल्लत से बढ़ी परेशानी



ऋषिकेश। नगर क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों में कॉर्मिशयल गैस की किल्लत बनी हुई है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और फूड स्टॉल संचालकों की परेशानियां बढ़ी हुई हैं। धार्मिक संस्थाओं ने अन्न क्षेत्र को जारी रखने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का रूख जरूर किया है, लेकिन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में गैस की कमी से संचालक परेशान हैं। उन्हें आर्थिक संकट का डर सता रहा है। पूर्ति विभाग के मुताबिक ऋषिकेश व आसपास ग्रामीण क्षेत्र में दस गैस एजेंसियां हैं। इनमें 1,790 उपभोक्ता कॉर्मिशयल हैं। सप्ताहभर पहले से सरकार ने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए कॉर्मिशयल सिलेंडर की संख्या को निर्धारित किया था। इसके बाद से व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालकों के चेहरों पर हल्की मुस्कान जरूरी दिखी थी, मगर एजेंसियों में कॉर्मिशयल सिलेंडरों को स्टॉक कम होने की वजह से उन्हें निर्धारित गैस भी नहीं मिल पा रही है। हरिद्वार रोड पर फूड स्टॉल चलाने देवेश नेगी ने बताया कि गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते काम करना ही मुश्किल हो गया है। इसी तरह से चलता रहा, तो परिवार का भरण पोषण की समस्या खड़ी हो जाएगी।बाइपास रोड पर ढाबा चलाने वाले विरेंद्र सिंह ने बताया कि कॉर्मिशयल सिलेंडर की किल्लत से परेशानी बढ़ गई है। रायवाला गैस एजेंसी के संचालक कमल नेगी ने बताया कि फिलहाल कॉर्मिशयल सिलेंडरों की कमी बनी हुई है। वहीं, घरेलू उपभोक्ताओं को भी बुकिंग के बावजूद समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। एजेंसियों में बढ़ते बैकलॉग की वजह से घरेलू उपभोक्ताओं को भी ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का रूख करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। पूर्ति निरीक्षक शिवमोहन भट्ट ने बताया कि एजेंसियों की निगरानी की जा रही है।

### 26 मार्च को होगी मिनी मैराथन और शतरंज प्रतियोगिता

ऋषिकेश। लोक कल्याण समिति प्रतीतनगर के तत्वाधान में आगामी 26 मार्च को मिनी मैराथन व शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्यामपुर क्षेत्र की ग्रामीण प्रतिभाओं को शिरकत करने का मौका मिलेगा। रविवार को समिति के सचिव नरेश थपलियाल ने बताया कि स्वच्छता, नशा मुक्त समाज आदि का संदेश देते हुए प्रतीतनगर में गुरूवार 26 मार्च को मिनी मैराथन और शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगितां में ग्रामीण क्षेत्र हरिपुरकलां, छिदरवाला, और श्यामपुर के प्रतिभागी ही प्रतिभाग कर सकेंगे। जो क्षेत्र में जन जागरूकता संदेश भी देंगे। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# दरऊचौक पर कट की मांग को लेकर विधायक बेहड़ ने दिया धरना



रुद्रपुर। दरऊचौक पर कट की मांग को लेकर विधायक तिलकराज बेहड़ ने रविवार को धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने एनएचएआई के खिलाफ नारेबाजी की और परियोजना निदेशक का पुतला फूंका। बेहड़ ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने दरऊ चौक का कट बंद कर एनएच पर 200 मीटर की दूरी पर अस्थाई कट बना दिया है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चौक का कट नहीं खोला गया और चौराहा नहीं बनाया गया, तो अप्रैल के पहले हफ्ते में वह बड़ी संख्या में नागरिकों के साथ एनएचएआई कार्यालय पर धरना देंगे। धरना में बड़ी संख्या में कांग्रेसी और स्थानीय व्यापारी शामिल हुए। बेहड़ ने मुख्य चौराहे को बंद करना यातायात नियमों के विपरीत बताया और गोल चक्कर, स्पीड ब्रेकर, रेड लाइट, यातायात नियम के बोर्ड और पुलिस की नियुक्ति की मांग की। उन्होंने चौराहे के चारो तरफ यातायात के नियम के बोर्ड लगाने और यातायात पुलिस की नियुक्ति का सुझाव दिया। यहां राजेश प्रताप सिंह, दानिश मलिक, सुनीता कश्यप, एनयू खान, जगरुप सिंह गोल्डी, छोटेलाल कोली, दलीप बिष्ट, राजीव अग्रवाल, संतोष ठाकुर आदि रहे।

# दर्शन उत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



अल्मोड़ा। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज और संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में रैमजे इंटर कॉलेज में आयोजित दर्शन उत्सव 2026 के दूसरे दिन विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को आकर्षित किया। कार्यक्रम का आयोजन घुश्मेश्वर महिला समिति धारानौला के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तराखंड की छपेली और झुमैला नृत्य से हुई, जिसमें लोकसंस्कृति की झलक देखने को मिली। पारंपरिक वेशभूषा और तालमेल ने दर्शकों को प्रभावित किया और वातावरण उत्सवमय बना दिया। इसके बाद दिल्ली की टीम ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत की, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। 'ॐ नमः शिवाय', 'धारा होगी' और 'ओ रंगरेज' जैसे विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों में अध्यात्म और आधुनिकता का समन्वय देखने को मिला। हरियाणा की टीम ने फाग और पनिहारी नृत्य के माध्यम से ग्रामीण जीवन को प्रस्तुत किया, जबकि असम की टीम ने बिहू नृत्य से अपनी सांस्कृतिक परंपरा की झलक दिखाई। कार्यक्रम में लोकगायक राकेश खानवाल की प्रस्तुति ने माहौल को संगीतमय बना दिया, जिनके गीतों पर दर्शक झूम उठे।

# महिलाओं ने मां कुंजापुरी मंदिर की निशुल्क यात्रा की

ऋषिकेश। गढ़ महिला उत्थान समिति की ओर से रविवार को क्षेत्र की महिलाओं को मां कुंजापुरी मंदिर की यात्रा कराई गई। इस दौरान महिलाओं ने मां कुंजापुरी मंदिर के दर्शन किए। खैरी खुर्द ठाकुरपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यात्रा संयोजक जयेंद्र रमोला ने हरी झंडी दिखाकर क्षेत्रीय महिलाओं से भरी बस को सिद्धपीठ मां कुंजापुरी मंदिर के लिए रवाना किया।

उन्होंने कहा कि नवरात्र के मौके पर गढ़ महिला उत्थान समिति द्वारा महिलाओं को देवी दर्शन की निशुल्क यात्रा करवाई जा रही है, जो सराहनीय है। समिति द्वारा निरंतर ऐसे पुण्य और सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं को मां भगवती के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें धार्मिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का यह एक अच्छा प्रयास है। समिति अध्यक्ष कुसुमलता शर्मा ने कहा कि समिति का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के साथ साथ महिलाओं के माध्यम से संस्कृति और परंपराओं को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना है। सचिव कृष्णा जयेन्द्र रमोला ने कहा कि समिति लगातार महिलाओं को समय–समय पर देवी–देवताओं के पवित्र धामों के दर्शन करवाने के लिये निशुल्क यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। ऐसी यात्राओं से महिलाओं में आस्था, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com